SD (Sri Sanjay)

SLBC बैठक का कार्यवृत

आज दिनांक 24/02/2016 को SLBC की 55 वीं त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश के माननीय वित्तमंत्री श्री अब्दुलवारी सिद्धकी ने की। बैठक में राज्य के अन्य माननीय मंत्रीगण यथा ग्रामीण विकास मंत्री, सहकारिता मंत्री एवं पशुपालन मंत्री तथा राज्य के मुख्य सचिव ने प्रमुखता से अपनी सहभागिता दी। राज्य के प्रमुख बैंको के शीर्ष पदाधिकारी, नावार्ड के मुख्य महाप्रबंधक तथा रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक बैठक में उपस्थित थे। बैठक में एजेन्डावार चर्चाएँ शुरु हुईं। NULM की चर्चा के दौरान सभी बैंकरों ने अपनी सकारात्मक रुचि स्पष्ट की। चर्चा के दौरान NULM के परियोजना समन्वयक, एन.यू.एल.एम.–बिहार, ने SLBC के समक्ष अपनी समस्याएँ व सुझाव रखीं जो निम्नवत है:

i. बैकों द्वारा ऋण आवेदन पत्रों को मुहैया नहीं कराया जाता है। अभी भी बैकों के पास 164 आवेदन तथा ULB के पास 700 आवेदन उनके निस्तारण हेतु लम्बित पडे. है। उनका सुझाव था कि SLBC द्वारा एक कॉमन फार्म जारी किया जाय, ताकि हितग्राही आसानी से बैंको मे ऋण हेतु आवेदन कर सके। SLBC ने उनके सुझाव को मान लिया और एक कामन ऋण आवेदन फार्म जारी करने पर अपनी सहमति जतायी।

ii. उन्होनें SLBC से अनुरोध किया कि बैकों को सलाह दें कि जीविका की तरह NULM के आवेदन को भी प्रमुखता से निपटाएँ। उन्होंने यह भी कहा कि PNB तथा मध्य बिहार ग्रामीण बैकों की सहायता प्रशंसनीय है और तदनुसार हमारी अपेक्षा अन्य बैंको से भी है।

iii. उनका यह भी सुझाव था कि संबंधित बैंक अपना प्रतिनिधि निश्चित तौर पर प्रतिनियुक्त करें जिस दिन ULB द्वारा शिविर का आयोजन अथवा टास्कफोर्स की बैठक आयोजित की जाती है।

SLBC द्वारा यह सलाह दी गयी कि DLCC तथा BLBC की बैठक में NULM के प्रगति पर बिंन्दुवार चर्चा की जाय तथा इसकी सफलता हेतु हरसम्भव प्रयास किये जायें। कुछ अहम मुददें, जो स्थानीय स्तर पर न सुलझाया जा सके, उन्हें SLBC के पटल पर रखा जाय, ताकि शहरी आजीविका की प्रगति सही रुप में दृष्टिगोचर हो।

25/02/2016

(अरविंद पांडेय)
परियोजना समन्वयक,
एन.यू.एल.एम.–बिहार

(संजय कुमार)
विशेष कार्य पदाधिकारी,
नगर विकास एवं आवास विभाग,